मेट्रो- 3 ट्रेन मॉडल का सीएम ने किया अनावरण

नवंबर से उत्पादन शुरू

कार्यालय संवाददाता

मुंबई. कोलाबा- बांद्रा- सीप्ज कॅारिडोर मेट्रो - 3 के लिए रोलींग स्टॉक मॉडल ट्रेन का अनावरण मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने सरकारी निवास वर्षा पर किया.

मेट्रो 3 मार्ग का नाम एक्वा लाइन

मेट्रो तीन पर बने इस मार्ग को एक्वा लाइन नाम दिया गया है . इस मौके पर एमएमआरसी की प्रबंध निदेशक अश्विनी भिडे, परियोजना निदेशक सुबोध कुमार गुप्ता व निदेशक (सिस्टम) अजय कुमार भट्ट समेत कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.

एक साल के भीतर पहली ट्रेन

एमएमआरसी ने ऑलस्ट्रम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड को मेट्रो गाड़ी के निर्माण व उसके कोच की डिजाइन का काम दिया है. अश्विनी भिडे ने कहा कि इस साल नवंबर में कंपनी के श्री सिटी ट्रांसपोर्ट फैक्ट्री में ट्रेन का उत्पादन का काम शुरू हो जाएगा. एक साल के भीतर पहली ट्रेन के आने की उम्मीद है.

4 लाख का चेक

इस मौके पर बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अश्विनी भिडे ने मुंबई-मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन व एमएमआरसी के अधिकारियों व कर्मचारियों की तरफ से सीएम रिलीफ फंड में 4 लाख रुपए का चेक दिया.

मेट्रो ट्रेन की प्रमुख विशेषताएं

- वातानुकूलित कोच के अंदर आर्द्रता नियंत्रण
- सूचना, विज्ञापन और मनोरंजन के लिए एलसीडी स्क्रीन
- डिजिटल मार्ग व मानचित्र की सूचना
- स्टेशनों पर यात्रियों को उतरने के लिए सुविधाजनक घोषणा
- यात्रियों के बैठने की आरामदायक व्यवस्था
- दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर के साथ विशेष बैठने की व्यवस्था
- स्वच्छ और आसान वेंटिलेशन सिस्टम
- प्रत्येक डिब्बे में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली
- अग्निरोधी यंत्र के अलावा स्मोक डिटेक्टर की व्यवस्था